दैनिक जागरण 14/08/2024

# भाषण प्रतियोगिता में जय सिंह चौरसिया अंव्वल

भाषण प्रतियोगिता में विजेता बच्चे स्टाफ के साथ • सौजन्य विज्ञप्ति

**जासं • अंबाला** : जीएमएन कालेज अंबाला छावनी में एंटी रैगिंग सैल द्वारा अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।सैल की संयोजक डा . सीमा कंसल ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग संबंधी गतिविधियों के बारे में जागरूक करना एवं एंटी रैगिंग सैल की सहायता से उनसे निपटने के लिए उनका मार्गदर्शन करना है। इस प्रतियोगिता में कुल 11 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं उक्त विषय पर अपने विचार बखूबी प्रकट किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीसीए तृतीय वर्ष के जय सिंह चौरसिया, द्वितीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की मुस्कान एवं तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की अनन्या और बीसीए प्रथम वर्ष की शेषा शर्मा रही। सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया एवं सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। प्रो . मनदीप कौर ने मंच संचालन किया।